तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024



4

एक्सप्रेस गाड़ियों में जनरल बोगियों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को मिली राहत



# कई चुनाव बीत चुके 500 मीटर सड़क के डामरीकरण की मांग नहीं हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत माखनपुर के ग्रामीणों की मांग कई विधानसभा और लोकसभा चुनाव बीतने के बाद भी पूरी नहीं हुई। इस बात को लेकर उनमें आक्रोश भी है और मांग भी महज 500 मीटर डब्ल्यूबीएम सड़क के डामरीकरण का है जिसको लेकर लंबे समय से ग्रामीण संघर्ष कर रहे हैं और हर बार उनके हिस्से में केवल आश्वासन ही आता है।

ग्राम पंचायत माखनपुर के ग्रामीणों की मानें तो चुनाव के समय ही प्रत्याशी आकर लंबे-लंबे वादे का ग्रामीणों से मतदान अपने-अपने पक्ष में करा लिए जाते हैं, लेकिन उक्त ग्राम पंचायत के विकास वहीं की वहीं रह जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव चाहे विधानसभा का हो या संसदीय क्षेत्र का सभी प्रत्याशी चुनाव में वोट बटोरने के लिए हर कोई प्रत्याशी चाहे वे किसी भी पार्टी का उम्मीदवार क्यों ना हो माखनपुर पंचायत को गोद लेने की बात कहता है, जिससे की भोले-भाले ग्रामीणों को उम्मीद अच्छा हो जाता है कि अब गांव का विकास होगा, लेकिन उन्हें क्या मालुम की यह चुनावी वायदा है। ग्राम पंचायत माखनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगा हुआ पंचायत है, यहां के ग्रामीण लगभग 25 वर्षों से 500 मीटर सड़क बनवाने की मांग को लेकर रुके है, जो आज तक नहीं बन सका। स्थानीय लोगों ने यह भी बताएं कि सड़क की मांग गांव में लगे शिविर व जनदर्शन में भी दिया जा चुका है, लेकिन सड़क का डामरीकरण आज तक हुआ ही नहीं। यह मार्ग दीपका कॉलरी को जोड़ता है और स्कूली बच्चों का आना जाना भी इसी मार्ग से होता है, जो बारिश के दिनों में कच्ची मार्ग होने के कारण जानलेवा साबित हो रहा है। मगर कोई भी जनप्रतिनिधी इस समस्या से लोगों को निजात नहीं दिला पा रहे है।

## बरसात के दिनों में सड़क से गुजरना हो जाता है मुश्किल

**खास बातें**

- मामला पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत माखनपुर का
- जनपद की सामान्य सभा में भी सदस्यों ने उठाया है मामला



**क्या कहते हैं सरपंच**

सडक की समस्या से माखनपुर पंचायत के सरपंच मनोज पाल पोर्ते ने भी अपने वर्तमान कार्यकाल में काफी प्रयास सडक डामरीकरण को लेकर कर चुके, मगर कोई सार्थक पहल प्रशासनीक दृष्टिकोण से भी नहीं हुई।




## खबर संक्षेप

### सड़कों में मवेशियों को रोकने ग्रामीणों को दी गई समझाइश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग में मवेशियों के बेतरतीब जमावड़े को रोकने हेतु ग्रामीणों की बैठक लेकर प्रभावी उपाय अपनाने का आग्रह किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एसपी सिंह द्वारा पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कपोट, चैतमा, घुईचुंआ व डुमरकछार में ग्राम सभा आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच सहित ग्रामीणों की बैठक लेकर मवेशियों के राजमार्गों में जमावड़े को रोकने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का अनुरोध किया गया।

### स्वास्थ्य विभाग में भर्ती, दावा आपत्ति की अंतिम तिथि आज

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य विभाग में रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके तहत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है अभ्यर्थी जिले की वेबसाइट पर एवं सीएमएचओ कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पदों के भर्ती हेतु जारी पात्र-अपात्र सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी 15 जुलाई शाम 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक, कोरियर के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### निवेशक 22 तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

**कोरबा।** जिले के कुछ निवेषकों द्वारा संबंधित चिटफण्ड कंपनी में निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर प्रस्तुत नहीं किया गया है। धनवापसी हेतु निवेशकों द्वारा निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर सहित अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना आवश्यक है। मूल बॉण्ड पेपर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निवेशक 22 जुलाई तक बांड पेपर की छाया प्रति, शपथ पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। जिससे उनके निवेशित राशि की भुगतान हेतु आगे कार्यवाही की जा सकेगी।

### पोडी उपरोडा में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ

**कोरबा।** जिले के आकांक्षी ब्लॉक कोरबा एवं पोडी उपरोडा में नीति आयोग के तहत सम्पूर्णता अभियान का खण्ड स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ बीते दिनों किया गया। इसके तहत ब्लॉक कोरबा का खण्ड स्तरीय कार्यक्रम सद्भावना भवन तिलकेजा तथा ब्लॉक पोड़ी-उपरोड़ा के सद्भावना परिसर पोडी उपरोडा में शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में संपूर्णता अभियान के सभी मानकों को सहभागिता से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी नागरिकों को लेना चाहिए। जिले के दोनों आकांक्षी ब्लॉकों में हुए शुभारंभ कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, पोषण वाटिका स्टॉल लगाई गई। इसके साथ ही हितग्राहियों को चेक मृदा परीक्षण कार्ड आदि विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मामला पाली ब्लॉक की ग्राम पंचायत चैतमा का

# सरकारी भवन में चल रहे निजी स्कूल नहीं दे रहे ग्राम पंचायतों को किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी जर्जर भवन का उपयोग निजी संस्थाएं बेधड़क कर रही हैं और विभाग भी इस मामले में चुप्पी साधा हुआ है। इसके अलावा ग्राम पंचायत भी ऐसी संस्थाओं के सामने बेबस नजर आ रही है। संस्थाओं के द्वारा भवन का किराया भी पंचायतों को भी नहीं दिया जा रहा है, जबकि ग्राम पंचायत के द्वारा किराया पटाने के संबंध में संस्थाओं को नोटिस भी जारी की गई है। वह भी बेअसर रही और विभाग भी भवन को खाली कराने के संबंध में किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं किया है।

**खास बात**

- शिक्षा विभाग के लंबे समय से मौन साधे रहने पर खड़ा हुआ सवाल

मामला पाली विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चैतमा का है। जहां प्राईमरी मीडिल स्कूल के लिए पूर्व में शासकीय भवन का निर्माण किया गया था, जहां दोनों स्कूल चला करते थे। कुछ वर्षों बाद भवन के जर्जर होने के कारण उन दोनों स्कूलों के लिए नए भवन का निर्माण कर वहां शिफ्ट कर दिया गया। उसके बाद से प्राईमरी व मीडिल स्कूल के भवन खाली पड़े हुए थे, जिनका उपयोग निजी शिक्षण संस्थाओं के द्वारा बीते लंबे समय से किया जा रहा है। शासकीय स्कूल भवनों का निजी शिक्षण संस्थाओं के द्वारा उपयुक्त किए जाने का यह मामला पाली विकासखंड का पहला मामला है। लगातार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बाद भी न तो विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने निजी शिक्षण संस्थाओं से अपने भवन खाली करा सके और ना ही शिक्षा विभाग ने इस मामले में रूचि ली। समय समय पर विभागीय अधिकारियों के क्षेत्र के दौरे में जाने के दौरान पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया था। उसके बावजूद विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी इसे गंभीरता से नहीं लिया। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत को निजी शिक्षण संस्थाओं के संचालक मंडल के द्वारा किराया दिए जाने की भी बात कही गई थी और अब तक ग्राम पंचायत को किसी तरह का कोई किराया निजी संस्थाओं के द्वारा नहीं दिया गया। वर्तमान के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय पाली विकासखंड के बीईओ भी रह चुके हैं और उनके संज्ञान में भी यह बात आई थी। उनसे इस संबंध में जानकारी लिए जाने पर उनके द्वारा यह बताया गया कि ग्राम पंचायत को किराया देने का समझौता हुआ है और पंचायत के द्वारा भवन खाली कराए जाने के संबंध में विभाग को पत्र नहीं लिखा गया है।



सरकारी भवन जहां चल रहे निजी स्कूल।

**दो बार जारी की गई नोटिस**

शासकीय स्कूल भवन में निजी शिक्षण संस्थाओं के द्वारा स्कूल का संचालन किया जा रहा है। भवन खाली कराने के लिए कहा गया था, तो संचालक मंडल के द्वारा पंचायत को इसके एवज में किराया देने की बात कही गई थी, किंतु अब तक ग्राम पंचायत को निजी शिक्षण संस्थाओं के द्वारा कोई किराया नहीं दिया गया है। इसके लिए दो बार नोटिस भी जारी की गई है, उसके बावजूद संचालक मंडल के द्वारा किराया देने संबंधि कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

**-शांतिदास मानिकपुरी,** सचिव ग्राम पंचायत चैतमा

## सरकारी भवन में बेजाकब्जा को लिया गया गंभीरता से

सरकारी जमीन और सरकारी भवन में कब्जे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार शिकायत मिलने पर कार्यवही की बात कही जाती है। कई जगह सरकारी जमीनें अतिक्रमण से मुक्त भी कराई गई, किंतु चैतमा जैसे बड़ी ग्राम पंचायत के दो सरकारी स्कूल भवन को निजी शिक्षण संस्थाओं से मुक्त कराने के संबंध में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के द्वारा किसी तरह की कोई कार्यवाही अब तक नहीं की गई और ना ही इस मामले को जिला प्रशासन के द्वारा गंभीरता से लिया गया।

## आंगनबाड़ी भवन भी कब्जे में

शासकीय भवन में कब्जे का दूसरा मामला महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केन्द्र का है। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 36 में संचालित आंगनबाड़ी के लिए नये भवन का निर्माण किया गया था। चूंकि भवन का निर्माण जिस स्थान पर किया गया है वह आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन स्थान से दूर है। इस वजह से नये भवन में केन्द्र का संचालन नहीं हो रहा है। वहीं नये भवन के सामने पुराने भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 का संचालन मरम्मत कराकर किया जा रहा है। नये भवन में ठेकेदार के द्वारा व पार्षद के द्वारा अपने सामान रखकर कब्जा किया गया है। इसे भी महिला बाल विकास विभाग ने अब तक खाली नहीं कराया है, जबकि आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 के कार्यकर्ता द्वारा भवन को खाली कराने के संबंध में पार्षद से कई बार कहा गया है कि और विभाग को भी अवगत कराया गया है, किंतु भवन खाली कराने के लिए रूचि नहीं ली गई।

# किचन का रुफ भरभराकर गिरा, प्रिंसिपल घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यह मामला गेवरा के शक्ति नगर बीकन स्कूल का है जहां प्रिंसिपल के ऊपर कमरे का छत का मालवा अचानक गिर गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए बता दें कि

बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल शक्तिनगर में सीसीटीवी लगाया जा रहा था इसके निरीक्षण के लिए प्राचार्य नूर मसीह पहुंचे हुए थे। उसी दरमियान वे किचन पहुंचे जहां किचन का रूफ अचानक उनके ऊपर गिर गया। रूफ का मलबा गिरने से प्राचार्य गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें बाद में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। एसईसीएल कॉलोनी गेवरा में रखरखाव के अभाव में छत से मलवा गिरने की घटनाएं लगातार घटित हो रही है इसके बावजूद भी गेवरा सिविल विभाग उदासीन बना हुआ है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राकेश शुक्ला ने बताया एसईसीएल गेवरा के सिविल विभाग को विद्यालय में मरम्मत कराए जाने की लिखित शिकायत दी गई थी। जिसके लिए वेलफेयर समिति के सदस्यों द्वारा भी विद्यालय में मरम्मत के लिए अनुशंसा की गई थी इसके बावजूद भी सिविल विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। अगर यह घटना बच्चों के पढ़ाई करने के दौरान होती तो गंभीर हादसा हो सकता था। संस्था के प्रिंसिपल नूर मसीह ने कहा कि किचिन के छत का मलमा मेरे सिर और हाथ में अचानक गिरा जिससे उन्हें चोट लगी है गेवरा का सिविल विभाग गंभीर हादसे का इंतजार कर रहा है। बार-बार आवेदन देने के बाद भी विद्यालय का रखरखाव नहीं हो रहा है। सिविल विभाग अपनी जवाबदेही सुनिश्चित नहीं कर रहा है।



प्राचार्य के हाथ में आयी चोटें।

### दीपका खदान की पार्किंग से कर्मी की बाइक चोरी

**कोरबा।** दीपका खदान के पार्किंग से कोयलाकर्मी की बाइक अज्ञात नकाबपोश ने पार कर दी। बताया जा रहा है कि दीपका खदान में सावेल ऑपरेटर दूजेराम की बाइक क्रमांक सीजी 12 एन 3611 को अज्ञात युवक ने चोरी कर ली है। ड्यूटी समाप्त कर जब दूजेराम पार्किंग स्थल पर पहुंचा तब गाड़ी वहां नही थी। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करने पर एक युवक बाइक को चुराता नजर आया। फिलहाल मामले की शिकायत दीपका थाने में दर्ज कराई गई है।

# श्रमिक संगठनों की सदस्यता सत्यापन में बीएमएस कर्मचारियों की पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में सभी श्रमिक संगठनों की वार्षिक सत्यापन शनिवार को पूरी हुई। इस वर्ष क्षेत्रीय इकाई के कुल 461 कर्मचारियों में 145 लोगों ने भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) में अपनी आस्था और भरोसा जताया है जिससे बीएमएस इस वर्ष पहले स्थान पर अपनी जगह बनाई है, कुसमुंडा के कर्मचारियों ने बीएमएस संगठन पर अपना पूर्ण विश्वास दिखाते हुए अपना सस्यता बीएमएस संगठन को दिया है बीएमएस संगठन अपने मुद्दो को लेकर हमेशा से सक्रिय रहा और अपनी मजदूरों के मांगों को प्रबंधन के समक्ष रखे आया है जिससे की कैटेगरी 1 के मजदूरों को संडे ड्यूटी चालू करवाना, कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति दिलवाना, खदान के अंदर के रोड़ को बनवाना, कर्मचारियों के लिए आवास सुविधा उपलब्ध कराना, भत्ता दिलवाना, कैटेगरी एक के कर्मचारियों को समय पर ⏭ शेष पेज 3 पर



सदस्यता सत्यापन के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# बीएससी नर्सिंग की ट्रेनिंग लेने 1192 परीक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएससी नर्सिंग की परीक्षा के लिए शहर में 5 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जहां 2147 परीक्षार्थियों का परीक्षा हेतु पंजीयन किया गया था, लेकिन 1192 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दिलाई, 955 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा लगातार विभिन्न कोर्स के लिए 14 जुलाई से परीक्षा आयोजित करने शुरूआत कर दिया है। इसके पूर्व डीएलएड एवं बीएड की परीक्षाएं उसके द्वारा आयोजित कराई गई है।

रविवार को शहर के चार केन्द्रों में बीएससी नर्सिंग की परीक्षा केवल पहली पाली में आयोजित की गई। 2147 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। जिन 5 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई उसमें स्नाकोत्तर महाविद्याल कोरबा में 500 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 284 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, वहीं 216 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह आईटी कॉलेज कोरबा में भी 500 परीक्षार्थी ही पंजीकृत थे। यहां 263 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 237 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के लिए 400 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे, 246 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई वहीं 154 परीक्षार्थी किसी कारणवश अनुपस्थित रहे। अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में 247 परीक्षार्थियों को परीक्षा दिलाना था इनमें 137 परीक्षार्थी ही शामिल हुए, 110 परीक्षार्थी परीक्षा से दूरी बनाए रखे।

**खास बात**

- शहर में बनाए गए थे 5 केन्द्र, सुबह 10 से 12.15 बजे तक पहली पाली में संपन्न हुई परीक्षा



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### कटघोरा वन मंडल ने आयोजित किया वन महोत्सव कार्यक्रम

# पेड़ों का प्यार मां का आशीर्वाद, इसलिए लगाएं पौधे : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान शुरूवात की है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा पौधारोपण कर किया गया। प्रदेश में कुल 4 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। पेड़ों का प्यार मां के आशीर्वाद जैसे होता है इसलिए पेड़ अवश्यक लगाएं।

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कटघोरा वन मंडल द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम, वन महोत्सव अभियान कार्यक्रम के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कटघोरा वन मंडल के छुरी के सलोरा में स्थित नवोदय विद्यालय परिसर में वन म हो त स व अभियान की शुरूवात हुई है। जिले में दोनों वनमण्डल कोरबा और कटघोरा वन मंडल में इस वर्ष 15 लाख के करीब पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी अपनी मां के नाम पर पौधे जरूर लगाएं। मां से अटूट प्रेम होता है मां अपने बच्चों को सदैव प्रेम और स्नेह करती है। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर कलेक्टर अजीत वसंत, डीएफओ कुमार निशांत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन सहित नवोदय विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।



गुब्बारा छोड़कर वन महोत्सव की शुरुआत करते अतिथि।

## मां कोसगाई वाटिका में मंत्री ने किया पौधरोपण

मंत्री लखनलाल देवांगन ने माता कोसगाई वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित भी किया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर अजीत वसंत ने भी पौधारोपण किया। साथ ही निःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।



# चूहा मार दवा खाकर मजदूर ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में खाद्य आपूर्ति निगम के उरगा गोदाम में मजदूरी करने वाले एक युवक की चूहा मारने वाली दवा खाने से मौत हो गई। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनमा कार्रवाई कर पोस्टमॉर्टम कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक उरगा निवासी तिहारो कंवर 35 वर्ष और उसकी पत्नी कौशल्या बाई कंवर समेत उसके बच्चे समेत परिवार निवास करता है। तिहारो कंवर रोज की तरह उरगा स्थित राइस मिल में काम करने गया हुआ था। काम से लौटने के बाद वो नहा धो कर गांव में ही घूमने चला गया। रात को वापस आने के बाद पति-पत्नी और बच्चे एक साथ खाना खाए और अपने कमरे में चले गए। रात लगभग 2 बजे तिहारो कंवर चूहा मारने वाली दवा का सेवन कर लिया। अचानक उसकी पत्नी कौशल्या बाई शौच के लिए उठी तो उसने पति तिहारो कंवर को खाते देखा। लेकिन तब तक तिहारो कंवर चूहा मार दवा का खा चुका था और खाने वाला था। कौशल्या के चीख पुकार मचाने पर घर के अंदर सदस्य कमरे से निकल कर बाहर आए और उसे जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजूर ने बताया कि मेमो के आधार पर परिजनों का बयान दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मामूली विवाद युवक पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** गंगापुर दुकान के समीप हाथ से टक्कर लग जाने की मामूली बात को लेकर शराब के नशे में धुत युवकों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। कंपनी बाजार समीप निवासी संदीप चौधरी आ. शकलदीप चौधरी शुक्रवार को दोस्त सत्यम साहू के साथ गैस टंकी लेने गंगापुर रोजगार कार्यालय के समीप गया था। रात लगभग 9 बजे गैस टंकी गिरने से हाथ में चोट लग गया जिससे पास स्थित दुकान में बेडेज लेने गया था। इसी दौरान दोस्त सत्यम का हाथ वहां मौजूद युवकों से टकरा गया। इसी बात को लेकर युवाओं ने गाली गलौज करते हुए चाकू से सत्यम के सिर पर हमला कर दिया जिससे कान में गंभीर चोटे आई। दोनो ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई तथा घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### डीजल की लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** रात्रि में कंटेनर वाहन को रोकवाकर चालक से मारपीट कर कंटेनर वाहन का डीजल लूट करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत बिरगहनी का है।इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जागेश्वर कुर्मी उम्र 35 वर्ष निवासी मजगंवा थाना रहली जिला सागर 21 मार्च को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह ड्रायवरी का काम करता है जो कंटेनकर क्रमांक एमपी-17 सी-6267 को लेकर बलौदा आया था। कंपनी द्वारा बी. एस. एन. एल का काम बलौदा,अकलतरा रोड में चल रहा है जो कंटेनर वाहन क्रमांक एमपी-17 सी- 6267 को 21 मार्च को रात्रि करीबन 1 बजे कंट्रक्सन साईड में ले जा रहा था कि एसएसवी अस्पताल के सामने मेन रोड बलौदा के पास पहुंचा था बोलेरो वाहन में सवार व्यक्तियों ने गाडी को रोकी उसी समय बोलेरो में सवार व्यक्ति ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए राड से मारा और प्रार्थी के जेब में रखे 2200 रूपये को छीन लिया और उसके अन्य 2 साथी जो सफेद बोलेरो वाहन में सवार थे।

### डेढ़ दर्जन गौवंशों की संदिग्ध मौत, जांच शुरू



**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा विख्ं में दो दिन पहले दो पशुपालकों के डेढ दर्जन गौवंशों की संदिग्ध हालत में मौत होने की जानकारी मिली है। इनमें 13 गौवंश एक ही किसान के जबकि शेष एक अन्य किसान के मवेशी हैं। अचानक इतनी बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत की खबर से पशुधन विभाग हरकत में आ गया है। विभाग के चिकित्सक लैलूंगा के सोहनपुर स्थित घटना स्थल पर पहुंचे कर मवेशियों की मौत की जांच में जुट गए हैं।

### मारपीट, हत्या का प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी ग्रामीण से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंधला उरांवपारा निवासी निरंजन तिग्गा से पड़ोसी तरसु मिंज द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर 11 मई को मारपीट की गई। इस दौरान शोर शराबा सुनकर जब निरंजन तिग्गा की पत्नी सुधयारो तिग्गा बाहर निकली तो देखा कि पड़ोसी तरसु मिंज पति के साथ मारपीट कर रहा है। महिला ने किसी तरह बीच बचाव कर अपने पति को छुड़ाया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट में निरंजन तिग्गा को नाक, आंख, मुंह में गंभीर चोट आई थी। ग्रामीण को उपचार के लिए चिकित्सकों द्वारा रायपुर रिफर किया गया था। उपचार के बाद महिला की सूचना पर पुलिस ने निरंजन तिग्गा का मुलाहिजा कराने के बाद धारा 294, 506, 323 व 307 के तहत 61 वर्षीय तरसु मिंज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल किया।

बंगाली पारा में धंसने लगा मेन होल का ढक्कन | गया विहार में गंदा पानी और बदबू से लोग परेशान

# सरकंडा में सीवरेज प्रोजेक्ट का हाल बेहाल 1500 घरों का कनेक्शन जुड़ा, लाइन चोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में वर्ष 2008 में अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई। पूरे शहर की सड़कों पर 10 साल तक गड्ढे खोदने के बाद अधिकारियों ने वर्ष 2013 में सरकंडा क्षेत्र में इस योजना का फीता भी कटवा दिया, परन्तु आज तक लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाया है। हालत यह है कि लाइन चोक है और सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है।

अरपा पार सरकंडा क्षेत्र में अंडर ग्राउंड सीवेज प्रोजेक्ट की लागत 100 करोड़ से अधिक है। यहां 10 हजार कनेक्शन जोड़ने थे, लेकिन 16 साल में बंगाली पारा के गली नंबर 3 और 5 सहित आसपास के क्षेत्र में महज 1500 घरों का ही कनेक्शन जोड़ा गया। 13 जुलाई 2013 में प्रोजेक्ट का लोकार्पण कर दिया गया। इतने कम कनेक्शन के बावजूद सिस्टम सही ढंग से काम नहीं कर रहा है। पाइप लाइन बिछाने से लेकर हाईड्रोलिक टेस्ट संबंधी खामियों के चलते मेन होल चोक हो गया है। ऐसे में बंगाली पारा जहां घरों का कनेक्शन सीवेज लाइन में जोड़ा गया था, वह रिवर्स हो रहा है। समस्या को देखते हुए लोगों ने टॉयलेट का ओवर फ्लो नालियों में निकाल दिया है। इधर सरकंडा के गया विहार में भी सीवरेज प्रोजक्ट के तहत पाइप बिछाया गया, लेकिन यहां पाइप चोक होने के चलते अब मेन होल से ही सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा है और गंदगी सड़क पर फैल रही है।

**सड़क पर बह रहा गंदा पानी**



#### पंपिंग स्टेशन में कोई काम का नहीं

अरपा पार के सीवेज प्रोजेक्ट के अंतर्गत चिंगराजपारा और राजिकशोर नगर में दो पंपिंग स्टेशन है। करोड़ों की लागत से बनाए गए ये पंपिंग स्टेशन किसी काम के नहीं है। इसकी वजह से मेन होल से सीवेज का पानी बहता रहता है। आसपास के लोगों का कहना है कि मेन होल से होवर फ्लो की समस्या दो-तीन साल से बनी हुई है। बारिश में तो समस्या और बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क के बीचों बीच बने सीवरेज के ढक्कन से ही पानी बहने लगाता है।

#### हर 10 से 15 मीटर में है गड्ढे

राजकिशोर नगर से साइंस कॉलेज रोड और बहतराई चौक से चिंगराजपारा रोड में 30 से अधिक सीवरेज पाइप लाइन का चेंबर लगा है। जब इस मार्ग में नई सड़कें बनाई गईं, तो सीवरेज के चेंबर को सड़क के नीचे बना दिया गया, जिसके कारण इस मार्ग में हर 10 से 15 मीटर में सीवरेज के चेंबर के कारण गाड़ियां हिचकोले खाती हैं।





#### 180 से 400 करोड़ पहुंची प्रोजेक्ट की लागत

सीवरेज परियोजना की शुरूवात पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने 2008 में की थी। इसके तहत 26 हजार से अधिक घरों में कनेक्शन जोड़ना था। शुरूवाती दौर पर परियोजना में 180 करोड़ की लागत से 24 महीने में तैयार करना था, लेकिन अब तक इस प्रोजेक्ट में लगभग 400 करोड़ रूपए खर्च हो चुके हैं। 16 साल बीत जाने के बाद भी प्रोजेक्ट अब तक पूरा नहीं हो पाया है। अभी इसके 20 प्रतिशत से भी ज्यादा काम बाकी है। लेकिन कार्य पूरा नहीं होने से पूरी परियोजना ठंडे बस्ते में है।

#### पंप लगाकर कराई जा रही सफाई

सरकंडा के कुछ क्षेत्र में ऐसी समस्या आ रही है। इसके लिए निगम के 4 बड़े और 8 छोटे वाहन जिसमें पंप का सेट लगा हुआ है। जहां से समस्या आती है, वहां कर्मचारी जानकारी चेंबर के एक छोर से दूसरे छोर तक कनेक्ट कर सफाई करते है। यह एक सतत प्रक्रिया है। जहां भी समस्या आ रही है, उसे दूर करा लिया जाएगा।

- **अमित कुमार,** आयुक्त नगर निगम

**लोगों का कहना है...**

#### हमारे घर का कनेक्शन हीं नहीं जुड़ा



बंगाली पारा गली नंबर 3 के निवासी राकेश कुमार ने बताया कि घरों के सीवरेज की गंदगी को निकालने के लिए घर के सामने सालों पहले पाइप तो बिछाया गया, लेकिन अब तक हमारे घर का कनेक्शन इसमें नहीं जोड़ा गया है। हमारे साथ पूरे गाली में किसी का भी कनेक्शन इसमें नहीं जुड़ा है। ओवर फ्लो अभी भी नाली में है।

#### पानी रिवर्स हो रहा था



बंगाली पारा गली नंबर 5 के निवासी मनोहर कुमार ने बताया कि उनकी गली के कुछ लोगों के यहां सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत टॉयलेट का ओवर फ्लो पाइप लाइन में जोड़ा गया था, लेकिन पाइप में पानी जाने के बजाए रिवर्स होने लगा था। ऐसे में कनेक्शन को ही हटा दिया। अब सभी घरों के ओवर फ्लो का कनेक्शन सीधे नाली में है। ऐसे में नाली भी जाम हो गई है।

#### सफाई के बाद भी मेनहोल जाम

सरकंडा बंगाली पारा के साथ ही गया विहार और आसपास सीवरेज योजना के तहत घरों का कनेक्शन जोड़ा गया था, लेकिन ये किसी काम का नहीं है। अब तो पाइप लाइन जाम होने के कारण मेन होल से ही पानी बहने लगा है। महीने में चार बार सफाई कराने के बाद भी गंदगी और पानी सड़क पर बह रहा है। इसके लिए निगम के अफसरों से पत्राचार किया गया है।

- **राजेश शुक्ला,** पार्षद वार्ड क्रमांक 62

### नौकरी लगाने के नाम पर पौने दो लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** नौकरी के नाम पर आनलाइन पौने दो लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी के कब्जे से 9 नग मोबाइल, नगदी एवं रजिस्टर को जब्त किया गया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा का है।



इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा निवासी योगेश राठौर ने 30 जून को रिर्पोट दर्ज कराया कि उसने एक प्रतिष्ठित अखबार में फुल टाइम ,पार्ट टाइम जाब को लेकर विज्ञापन जारी करवाया था। वही फोन से संपर्क कर एवं व्हाटसएप के माध्यम से नौकरी के लिए जरूरी दस्तावेज मांगे गए थे। इस दौरान रजिस्ट्रेशन फीस, आईडी, मेकिंग फीस सहित अन्य फीस के नाम पर आनलाइन एवं फोन पे के नाम पर योगेश से अलग अलग 10 बार में 1 लाख 86 हजार 481 रुपए की ठगी की गई। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस पतासाजी में जुटी रही। मामले को लेकर पुलिस टीम झारखंड स्थित रांची शहर के लिए रवाना हुई। वही आरोपी का लोकेशन राची में बताया गया। फिर पुलिस टीम रांची पहुंची एवं मामले के आरोपी नवादा के फतेहपुर निवासी दीपू कुमार पिता अविनाश प्रसाद को हिरासत में लेकर पुछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपी दीपू कुमार के द्वारा बताया गया कि नौकरी लगाने के नाम पर 1 लाख 86 हजार रुपए से अधिक की ठगी की गई है।

आरोपी युवक द्वारा मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ सहीत अन्य राज्यों के बेरोगार युवको को नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी की गई है। पुलिस ने आरोपी युवक के कब्जे से 9 नग मोगाइल, 2 नग चेक बुक, 4 नग ग्राहक रजिस्टर के विवरण में 1 हजार 125 लोगो के नाम दर्ज किए गए है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वही एक अन्य फरार आरोपी की तलाश अभी जारी है। मामले मं आरोपी युवक के खिलाफ धारा 420,120 बी, 201,66 के तहत अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करना स्वीकार कर लिया गया है।

**खास बात**

- बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा का मामला

तालाब में मिले महिला के कपड़ों से भरे बैग ने खोला राज, आरोपी गिरफ्तार

# एक महीने पहले पत्नी की हत्या कर लाश को किया दफन, कब्र खोदकर निकाला गया कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी की बेदम पिटाई कर हत्या कर दी। आरोपी युवक ने सिर्फ इस बात के लिए महिला की पिटाई की क्यों कि महिला आंगन के बजाए कमरे में जाकर सोने को तैयार नहीं थी। मामूली सी बात पर आदतन मारपीट करने वाले हैवान पति ने महिला को इतना मारा की उसकी मौत हो गई। इतना ही नहीं मौत के बाद उसने लाश को घर से 500 मीटर दूर लेजाकर दफन कर दिया और फिर परिवार के सदस्यों को बता दिया कि पत्नी घर छोड़कर भाग गई। एक महीने पूर्व हुए इस हत्याकांड का खुलासा महिला के लावारिश मिले कपड़ों से भरे बैग से हुआ। फिलहाल पुलिस ने कब्र खोदकर कंकाल बरामद करने के साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि केरजु चौकी अंतर्गत ग्राम ढोड़ागांव सरनापारा निवासी 35 वर्षीय संजीत कुमार पैकरा पत्नी बिहानी बाई, 10 वर्षीय पुत्र, मां, भाई व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। इस बीच विगत एक माह से युवक की पत्नी लापता थी। युवक से पूछने पर उसने परिजन व गांव के लोगों को बताया था कि उसकी पत्नी घर छोड़कर भाग गई है। आरोपी भी लगातार पत्नी को खोजने का नाटक करता रहता था। इस बीच 10 जुलाई को गांव के लोगों को तालाब में मछली पकड़ने के दौरान एक बैग मिला। उक्त बैग में महिला का कपड़ा था।

आस पास की महिलाओं से जब कपड़े की पहचान कराई गई तो उक्त बैग और कपड़े संजीत कुमार पैकरा की पत्नी बिहानी बाई की निकली। ऐसे में ग्रामीणों और परिजन ने जब संजीत कुमार से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पत्नी की हत्या कर लाश को दफन करने की बात स्वीकार की। इस घटना की जानकारी 13 जुलाई को पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर जब उससे पूछताछ की तो उसने घर से 500 मीटर दूर लाश को दफन करने की बात कही। पुलिस ने मौके से कब्र खोदकर लाश को बाहर निकाला लेकिन तब तक मृतिका की लाश कंकाल बन चुकी थी। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 103(1), 238बी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी केरजु नोहर साय मिंज, प्रधान आरक्षक तीजलाल पैकरा, आरक्षक महेंद्र कुमार नाग, शिवबरत किंडो, अनुग्रस लकड़ा शामिल रहे।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में आरोपी।

#### आए दिन करता था मारपीट

बताया जा रहा है कि युवक अक्सर अपनी पत्नी के साथ शराब के नशे में मारपीट करता था। युवक की मारपीट से उसका पुत्र भी दहशत में रहता था। एक माह पूर्व युवक की मां अपने मायके गई हुई थी जबकि भाई भी शादी समारोह में गया हुआ था। घटना दिवस की रात महिला घर के आंगन में सो रही थी। जब संजीत ने उसे घर के अंदर चलकर सोने को बोला तो महिला अंदर नहीं गई। इसी बात को लेकर आरोपी ने महिला की पिटाई शुरू कर दी। इधर संजीत की मारपीट से महिला की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अगले दिन लाश को कंधे पर लादकर घर से 500 मीटर दूर सरनापारा जंगल ले गया और फावड़ा से कब्र खोदकर दफन कर दिया। घर वालों व गांव के लोगों को बता दिया कि उसकी पत्नी भाग गई लेकिन तालाब में मिले बैग ने हत्याकांड का राज खोल दिया। पुलिस ने मृतिका के कपडे, फावड़ा जब्त कर लिया है।



### औराझरिया घाट पर पलटा मछली लोड ट्रक, लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

रविवार को औराझरिया घाट पर मछलियों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक व परिचालक को चोटें आई है। दुर्घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही मछलियों से भरे पैकेट को दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक एपी 16 टीएफ 5796 आंध्रप्रदेश से मछली लेकर अंबिकापुर होते हुए झारखण्ड गढ़वा की ओर जा रहा था। इस दौरान रविवार सुबह एनएच 343 पर औराझरिया घाट के समीप चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ट्रक बीच सड़क पर पलट गया। दुर्घटना के बाद मछिलयों के पैकेट सड़क पर बिखर गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची यातायात व हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा घायल चालक परिचालक को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही सड़क पर बिखरे पैकेट को हटाकर दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने एनएच पर आवागमन बहाल कराया। इस दौरान हाईवे पेट्रोलिंग टीम से अमित मिंज, गिरवर सिंह, नरेंद्र यादव आदि सक्रिय रहे।

### रिटायर टीआई के बेटे से लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पंजरी प्लांट निवासी सेवानिवृत्त टीआई झामलाल मार्को के बेटे दिलीप कुमार मार्को उम्र 44 साल से दो दिन पूर्व मदद देने के बहाने गाड़ी और नकदी लूटने वाले दोनों आरोपियों को खरसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बाइक और नगदी भी जब्त की है।

प्रार्थी दिलीप मार्को का बाराद्वार सरवानी में पैत्रिक घर है। 09 जुलाई को अपने मोटर सायकल स्प्लेडर प्लस क्रमांक सीजी 13 पी 0950 बाराद्वार सरवानी गया था। जहां एक दिन रूकने के बाद दूसरे दिन परिचित मुन्ना ठाकुर के घर गांव सकरेली कला मिलने गया और वहां से रायगढ़ के लिए बाइक पर निकला। रात्रि वापस लौटते समय बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया जैसे तैसे मोटरसाइकिल को ढुलाते रॉक गार्डन बोतल्दा पहलवान ढाबा के पास पहुंचा। जहां दो लड़के आए और पूछे, जिन्हें मोटरसाइकिल का पेट्रोल खत्म हो जाना बताया। तब दोनों लड़के पेट्रोल दिलाते हैं चलो बोले। एक लड़का अपने साइन बाइक में बिठाया और दूसरा स्पलेण्डर बाइक को चोक करते हुए खुर्सीपाली लाये, रास्ते में सुनसान स्थान पर गाड़ी खड़ी कर हाथ मुक्के और बेल्ट से मारपीट कर नगदी 2000 और मोटरसाइकिल को लूट कर भाग गए। रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 426/2024 धारा 309(6) 3.5 भारतीय न्याय संहिता के तहत लूट अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### बारिश में निर्माणाधीन प्रतापपुर-राजपुर सड़क बनी डबरी, सफर हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रदेश में सरकार बदल गई परंतु प्रतापपुर-राजपुर मार्ग की सूरत नहीं बदल सकी। हैरानी की बात यह है दो साल से बन रहे सड़क निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सकी।

आलम यह है कि निर्माणाधीन सड़क के कछुआ गति से चल रहे कार्य अब राहगीर समेत क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। गर्मी के दिनों में राहगीर समेत क्षेत्र के लोग धूल के गुबार से परेशान थे तो वही अब बारिश होने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे तथा कीचड़ ने राहगीर समेत क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने का खामियाजा राहगीर समेत क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतापपुर-राजपुर के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा की स्वीकृति के बाद से ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से टू लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। 80 करोड़ की लागत से बन रही सड़क निर्माण बड़े ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। विकासखंड प्रतापपुर विकासखंड में 10 किलोमीटर की सड़क बनी थी जिसमें से महज 5 किलोमीटर सड़क बनाकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। कुछ जगहों पर तो सड़क बन गई है लेकिन जहां पहले से कार्य नहीं हुआ है वहां की स्थिति और भी खराब हो गई है। प्रतापपुर मुख्यालय से महज तीन चार किलोमीटर दूर शांति नगर से आगे पतरंगी नाला के पास निर्माण कार्य नहीं करने से सड़क की हालत दयनीय हो गई है।

बारिश में रेनकोट पहनकर आए थे युवक, तीसरा बाहर खड़ा था बाइक पर

# दुकान में घुसकर महिला के गले से चेन स्नेचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में तेजी से इजाफा हो रहा है। पुलिस की लचर कार्यप्रणाली के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद है और नगर में चोरी के साथ ही अब चेन स्नेचिंग की घटनाएं भी बढ़ गई है। एक बार फिर से अपराधियों ने दुकान में घुसकर महिला के गले से चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी दुकान में घुसकर महिला को बातों में उलझाए रहे और फिर मौका मिलते ही गले से चेन खींचकर फरार हो गए। इस घटना की शिकायत महिला ने पुलिस से की है लेकिन दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई अहम सुराग नहीं लगा है। बताया जा रहा है कि नगर के गौरव पथ स्थित ब्यूटी पार्लर व श्रृंगार दुकान की संचालिका शिल्पी गुप्ता शुक्रवार की शाम दुकान में पूजा पाठ करने आई हुई थी।

बारिश तेज होने के कारण दो युवक रेनकोट पहनकर दुकान घुसे और महिला को सामान खरीदने के नाम पर उलझाए रखा। बदमाश युवक महिला से सामान अलग अलग सामान दिखाने को बोल रहे थे इसी बीच मौके का फायदा उठाकर आरोपियों ने गले से सोने का चेन खींच लिया। आरोपी युवकों का एक साथ दुकान के बाहर बाइक पर इन्तजार कर रहा था। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों लुटेरे बाईक पर बैठकर तेजी से फरार हो गए। तेज बारिश के कारण उस वक्त दुकान के आसपास कोई मौजूद नहीं था। जिसका फायदा उठाते हुए बेखौफ बदमाशों ने चैन स्नेचिंग की घटना को बड़ी आसानी से अंजाम दिया और फरार हो गए। महिला की ओर से घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में चोरी और चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ गई है। एक माह पूर्व ग्राम आमाटोली में बाइक चोरी के मामले में भी पुलिस अब तक आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है जबकि चेन स्नेचिंग की घटना के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। अपराधियों ने जिस तरह दुकान में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया है उससे नागरिको का आक्रोश बढ़ गया है और नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए जा रहे है। इस संबंध में थाना प्रभारी आर भगत ने बताया कि चेन स्नेचरों की पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है। नगर में सीसीटीवी फुटेज के साथ क्राइम ब्रांच का भी सहयोग लिया जा रहा है। चैन स्नेचर गिरोह के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।




# विश्रामपुर पहुंची नीम यूरिया की रैक, समितियों में आपूर्ति प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

समितियों में यूरिया की कमी से परेशान किसानों को अब नहीं भटकना पड़ेगा। रविवार को इंडियन पोटाश लिमिटेड की रैक विश्रामपुर पहुंचने के साथ ही विपणन संघ द्वारा समितियों में यूरिया की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है।

सरगुजा की सहकारी समितियों में यूरिया का स्टॉक खत्म हो जाने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रविवार को आईपीएल की रैक पहुंचने के साथ ही अब समितियों में यूरिया की कमी दूर हो जाएगी। रैक से सरगुजा को 400 मिट्रक टन, सूरजपुर को 450 मिट्रक टन, बलरामपुर को 450 मीट्रिक टन एवं जशपुर नगर को 300 मीट्रिक टन नीम यूरिया आवंटित किया गया है। विभाग द्वारा ट्रकों के माध्यम से सहकारी समितियों में यूरिया भेजा जा रहा है। मार्कफेड के प्रबंधक अरूण विश्वकर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा अन्य उर्वरक निर्माता कंपनियों से भी यूरिया की मांग की गई है। सोमवार को एचयूआरएल की रैक पहुंचने की संभावना है। इफको एवं कृभको की रैक भी जल्द आने वाली है। उन्होंने बताया कि यूक्रेन में विपरीत स्थिति निर्मित होने के कारण एनपीके निर्माण के लिए कच्चा माल उपलब्ध नहीं होने के कारण डीएपी की आपूर्ति प्रभावित है। किसानों को डीएपी के बदले समितियों में उपलब्ध एनपीके 12/16, 20-20-013 का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। इन उर्वरकों में डीएपी के ही घटक शामिल है।



## खबर संक्षेप



### बीकन विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

**कोरबा।** बीकन विद्यालय एसईसीएल का 39वां स्थापना दिवस शनिवार को विद्यालय के प्राचार्य मनोज वारिश गाटलिब के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री चंदना अधिकारी के द्वारा किया गया तथा विद्यालय का इतिहास से छात्र छात्राओं को अवगत कराई। इस अवसर पर श्रीमती कल्पना मिश्रा के द्वारा तथा छात्र-छात्राओं द्वारा लाए गए पौधो का रोपण परिसर में प्राचार्य के कर कमलों से किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक जीएस पटेल, देवेन्द्र पाण्डेय, यातिमा अतुल नाथन, पी बारीक, नीना हिनडारिया, एसके नाडिग, रश्मि इग्नेसियस, सलोमी बाघ, बीना साहू, आंचल, डी सिंग, एमजे चौहान, सालनी, शान्तनु, सत्य प्रकाश, दुर्गेश, अपराजिता, नरोत्तम, निखिलेश, मिट्ठू सुदेश सिंह, अरुणा, संतोषी एवं लखन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डॉ हुलास पाठक उत्कृष्ट पेशेवर पुरस्कार से हुए सम्मानित



**कोरबा।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय आर-एबीआई छत्तीसगढ़ के प्रमुख और सीईओ डॉ. हुलास पाठक को देश में कृषि उद्यमिता और स्टार्टअप को पोषित एवं मजबूत करने में योगदान के लिए उत्कृष्ट पेशेवर पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार उन्हें पिछले दिनों नई दिल्ली में एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित 15 वें कृषि नेतृत्व पुरस्कार के अवसर पर भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदान किया गया। उत्कृष्ट पेशेवर पुरस्कार का निर्णय उद्योग जगत के दिग्गजों और देश की हस्तियों की एक प्रतिष्ठित समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी. सदाशिवम ने की। इस अवसर पर डॉ. पाठक द्वारा कृषि व्यवसाय के माध्यम से किसानों के सशक्तीकरण विषय पर एक पैनल चर्चा में कार्यक्रम को संबोधित भी किया गया।

### मितानिनों को एक साथ मिलेगी प्रोत्साहन राशि



**कोरबा।** नवा सौगात मितानिन राशि योजना कार्यक्रम का आयोजन फरसवानी स्वास्थ्य केंद्र में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि झामलाल साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा पिवमो व पूर्व जनपद सदस्य उपस्थित थे। प्रदेशभर की मितानिनों को प्रोत्साहन राशि अब समय पर एक साथ मिलेगी, राज्य सरकार द्वारा मितानिनों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान डीबीटी ऑनलाइन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 12 जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम रायपुर मे 11 बजे मितानिनो को ऑनलाइन प्रोत्साहन राशि दिए जाने की व्यवस्था का शुभारम्भ किया और सीधे मितानिनों के बैंक खाते राशि अंतरित किए। श्री साहू ने बताया कि मितानिन बहने स्वास्थ्य विभाग में सहयोग करने वाले जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं जो विपरीत परिस्थिति मे भी कार्य करने को तैयार रहते हैं सभी प्रकार की टीका और संस्थागत प्रसव करवाने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान मितानिन को पेन, डायरी व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीमति मीना राठौर, डॉ. हरीश राठौर, ईश्वर प्रसाद जायसवाल, संतोष चंद लाल, मीना कंसारी, दीपक कर्ष, सुषमा पांडे, विष्णु सोनी, मनीष देवांगन, राजकुमारी कर्ष, सुनील जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल और सकारात्मक प्रयोग की दी जानकारी

**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा इंटरनेट का सुरक्षित इस्तेमाल और इससे संबंधित विषय वाले प्रोजेक्ट सर्फ स्मार्ट 2.0 वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को शहर के कृष्णानगर स्थित सनराइज इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में सर्फ स्मार्ट 2.0 वर्कशॉप का आयोजन किया गया। रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामपुर पीडब्ल्यूडी में इसका आयोजन किया गया। कार्यशाला के माध्यम से स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को इंटरनेट का सुरक्षित इस्तेमाल और इसका सकारात्मक प्रयोग कैसे करें इसकी जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से इंटरनेट के माध्यम से होने वाली ऑनलाइन ठगी से कैसे बचें और रियल एवं फेक न्यूज की पहचान कैसे करें, सही वेबसाइट की पहचान कैसे करें इसकी जानकारी दी गई। ईमेल, फेसबुक इत्यादि सोशल साइट्स के इस्तेमाल के लिए सुरक्षित पासवर्ड कैसे बनाया जाए इसके बारे में बताया गया। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। सर्फ स्मार्ट 2.0 वर्कशॉप का संयोजन गाइड केप्टीन पुष्पा शांडिल्य, डीओसी द्वय उत्तरा मानिकपुर एवं डीगम्बर सिंह कौशिक द्वारा किया गया।

#### कई मानकों पर प्रोजेक्ट बनाकर किया जा रहा है काम

# जिले के 7 सौ आंगनबाड़ी केंद्रों को बनाया जा रहा सक्षम, बढ़ेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौज-मस्ती और खाना-पीना सहित कई मनोरंजक गतिविधियां। कुछ इसी तरह की पहचान मिली हुई है आंगनबाड़ी केंद्रों को जो शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। समय के साथ इनोवेशन की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। तय किया गया है कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे 7 सौ आंगनबाड़ी को सक्षम बनाया जाएगा।

महिलाओं व बच्चों के सुपोषण और उन्हें आदर्श स्थिति में लाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन एकीकृत महिला बाल विकास विभाग की ओर से किया जा रहा है। कई संगठनों की रूचि इस तरफ बढ़ी है जो समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रमों में भागीदारी किया करते हैं। सरकार प्रवर्तित कई आयामों को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी मिली हुई है और वे अपनी भूमिका का निर्वहन इस दिशा में कर रही है। जिले में संचालित ऐसे कुल केंद्रों के अनुपात में 25 प्रतिशत केंद्रों को सक्षम करने का लक्ष्य है। इनकी संख्या 7सौ के आसपास बताई गई है। इन्हें हर तरीके से सक्षम या समर्थ बनाना है। बेहतर वातावरण देने के साथ यहां सामान्य शिक्षा, स्वास्थ्य और जानकारी के हिसाब से संसाधनों की उपलब्धता की जानी है। स्थानीय स्तर पर क्या सहयोग मिल सकता है। इसका ध्यान भी रखा जाएगा। जिले की समस्त परियोजनाओं के हिसाब से कई आंगनबाड़ी केंद्रों को इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत चिन्हित किया गया है जहां पर संबंधित कार्यों को अंजाम देना है। जिले में पांच विकासखंडों के अंतर्गत स्थित कुल प्रोजेक्ट में शामिल आंगनबाड़ियों की संख्या 25 सौ है। जिनमें से 5 सौ ऐसे हैं जिनके संचालन में वैकल्पिक सुविधा ली गई है। जबकि शेष केंद्र आईसीडीएस के खुद के हैं।



फाइल फोटो

#### लोकेशन ट्रैस एप से की जा रही निगरानी

आईसीडीएस डीपीओ रेणु प्रकाश ने बताई कि आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों और सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आईसीडीएस का अमला प्रतिबद्ध है। लोकेशन ट्रैस एप के माध्यम से इन पर निगरानी रखी जा रही है। वर्क कल्चर को हर हाल में अच्छा बनाए रखने के लिए अमले को सतर्क किया गया है जो रोस्टर के हिसाब से अपने दायित्व को निभा रहा है। जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था कुल मिलाकर अच्छी रहे, यह प्रयास है।

## अंतिम व्यक्ति के विकास को ध्यान में रखकर तैयार करें प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अजीत वसंत की अध्यक्षता में डीमएएफ अंतर्गत वर्ष 2016-17 से वर्त्तमान दिवस तक के लंबित कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला विभाग प्रमुखों को अपूर्ण निर्माण कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण करने निर्देशित किया।

**खास बात**

- लंबित कार्यों को समय पर पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अजीत वसंत ने सामग्री आपूर्ति के कार्यों हेतु विभाग प्रमुखों को पूर्ण भौतिक सत्यापन कराकर मांग पत्र प्रेषित करने और विशेषतः हितग्राही मूलक कार्यों को अविलम्ब पूर्ण करने के निर्देश दिए। 20 दिसंबर 2023 की स्थिति में अप्रारम्भ कार्यों को जिन्हें नियमानुसार निरस्त किया गया था, उक्त कार्यों की जारी राशि तथा डीएमएफ अंतर्गत ब्याज की राशि अविलम्ब जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा के खाते में जमा करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान ऐसे कार्य जिनका क्रियान्वयन तकनीकी अथवा अन्य कारणों से किया जाना वर्तमान में संभव नहीं हैं, ऐसे कार्यों के लिए पृथक निरस्ती आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में लंबित कार्यों को पूर्ण किये जाने, निरस्त कार्यों की राशि वापसी तथा भुगतान प्रकिया सहज किये जाने कलेक्टर श्री वसंत द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह सचिव जिला खनिज संस्थान न्यास संबित मिश्रा को प्रति सप्ताह सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक किये जाने निर्देशित किया गया। बैठक में आगामी प्रबंधकारिणी बैठक हेतु सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यकता एवं औचित्य का सूक्ष्म परीक्षण कर प्रस्ताव जमा करने निर्देशित किया गया। उक्त प्रस्तावों को पीवीटीजी तथा अंतिम छोर की अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के विकास को ध्यान में रखकर बनाये जाने का निर्देश कलेक्टर द्वारा दिया गया।

# नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के जस्टिस गौतम भादुड़ी के द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में नेशनल लोक अदालत का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान श्री भादुड़ी ने दो मामलों के हितग्राहियों को क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया।



शुभारंभ के दौरान उपस्थित न्यायाधिपति एवं अन्य।

**खास बात**

- जिला उपभोक्ता आयोग में नेशनल लोक अदालत का गौतम भादुड़ी ने किया शुभारंभ

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में आयोजित नेशनल लोक अदालत में दो मामलों का सफलता पूर्वक निराकरण किया गया, जबकि तीन मामलों के हितग्राहियों को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया। इस दौरान न्यायाधिपति गौतम भादुड़ी ने जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्य पंकज कुमार देवड़ा के द्वारा न्यायाधिपति गौतम भादुड़ी का स्मृति चिन्ह एवं शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उच्च न्यायालय विजिलेंस के रजिस्ट्रार आलोक उपाध्याय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू, अपर जिला न्यायाधीश जयदीप गर्ग, ममता भोजवानी, जिला अधीवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप, सचिव नूतन सिंह ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता मानसिंह यादव, सरिता पाण्डेय, मीनू त्रिवेदी, सुमन तिवारी, हारून सईद, जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारीगण रामनारायण पटेल, मनीराम श्रीवास, संजय शर्मा, राजेश्वर इंगले, नूतन राजपूत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व पक्षकार उपस्थित रहे।

# ग्रामीण अंचलों में सब्जी उत्पादन का नहीं बढ़ सका रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी योजनाओं के बाद भी जिले में सब्जी उत्पादन के प्रति किसानों में उद्यानिकी विभाग रूचि नहीं जगा सका। वर्तमान में सरकारी आंकड़ों के अनुसार बारिश के मौसम में 2400 हैक्टेयर में सब्जी उत्पादन की जानकारी सामने आई है। कोरबा ब्लॉक के केवल बंदरकोना एवं ग्राम पंचायत कोरकोमा के मातमार आश्रित ग्राम में सब्जी उत्पादन का काम चल रहा है, जबकि इससे भी बड़ी बड़ी पंचायतें मौजूद होने के बावजूद उद्यानिकी विभाग किसानों को केवल किट बीज बांटकर अपने कार्य को सीमित कर रखा है।

**खास बात**

- सब्जी बीज के किट बांटकर सीमित रह जाता है उद्यानिकी विभाग
- बेंदरकोना में ही किसान कर रहे उत्पादन

सब्जी उत्पादन को लेकर किसानों के आगे नहीं आने का कारण धान के प्रति किसानों का ज्यादा रूचि लेना बताया जा रहा है। सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत बेंदरकोना में सौर ऊर्जा से संचालित डीएमएफ से एक छोटे कोल्ड स्टोरेज का भी निर्माण किया गया है। विकासखंड कोरबा में केवल एक गांव में ही कोल्ड स्टोरेज बनाया गया है। विभाग के मुताबिक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण उस क्षेत्र में किया जाता है जहां सर्वाधिक सब्जी का उत्पादन होता है। उस दृष्टि से केवल बेंदरकोना में ही सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है, जबकि उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलस्टर भी बनाया है। इसके अनुसार आसपास के 10 ग्रामों को मिलाकर एक कलस्टर का निर्माण किया जाता है। उद्यानिकी विभाग ने जिन ग्रामों को मिलाकर कलस्टर बनाया है उनमें ग्राम मातमार और बेंदरकोना भी शामिल है। इन दोनों ही ग्रामों में सब्जी उत्पादन पर ज्यादा फोकस किया गया है। कृषि विभाग के द्वारा धान और अन्य फसल के उत्पादन को लेकर तैयार किए गए रिकार्ड में सब्जी उत्पादन की भी जानकारी दी गई है, जिसमें 2400 हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जी उत्पादन किए जाने की बात सामने आई है। इससे जाहिर होता है कि जिला मुख्यालय से लगे ग्रामों में ही विभाग अपनी योजनाओं को क्रियान्वित कर पाता है।



फाइल फोटो

#### कलस्टर योजना बड़ी ग्राम पंचायतों तक

जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी छोटी छोटी ग्राम पंचायतें मौजूद है, किंतु वहां तक कलस्टर योजना नहीं पहुंचने की वजह से वहां के छोटे छोटे किसान सब्जी उत्पादन जैसी योजना से नहीं जुड़ पा रहे हैं। जबकि उन क्षेत्रों का वातावरण अन्य फसलों के लिए उपयुक्त है। फिलहाल केला और पपीता की फसल के लिए बढ़गांव और लेमरू का क्षेत्र उपयुक्त बताया गया है। स्थानीय ग्रामीण फिलहाल पपीते की फसल कम रूप में ले रहे हैं। किसानों का मानें तो आसपास के क्षेत्र में पपीते की फसल ज्यादा आ रही है। विभाग इस दिशा में योजना तैयार करे तो क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पपीते की फसल ली जा सकती है।

# वीआईपी रोड में ब्रेकर की दुर्गति, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती विद्यालय और अंधरीकछार विद्यालय के सामने कुल चार ब्रेकर बनाए गए हैं जिनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी है जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। लगातार इस प्रकार की घटनाएं इस वीआईपी मार्ग पर जारी है और इसके कारण सामान्य और असामान्य स्थिति में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सडक़ों पर वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए मोस्ट के मापदंड के अंतर्गत मैन्युअल ब्रेकर बनाए जाते रहे हैं।

हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर विभिन्न मार्गों से इन्हें हटाने का काम किया गया। इधर नगर निगम ने वीआईपी रोड पर संभावित खतरों के मद्देनजर दो विद्यालयों के सामने रंबल ब्रेकर लगाए। यह दूसरे प्रकार का प्रयोग है और इसके टिकाउपन के साथ कई प्रकार के दावे किए गए। वर्तमान में दोनों स्थान पर ब्रेकर का काफी हिस्सा या तो चोरी कर लिया गया या खराब हो गया। ऐसे में आधे हिस्से में गड्ढे मौजूद हैं। नगर निगम ने संबंधित प्वाइंट पर आने-जाने वाले लोगों को सचेत करने के लिए संकेतक भी नहीं लगाए हैं। इस चक्कर में वाहन चालक यहां पर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। मेयर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि जल्द सुधार का काम कराएंगे।



सड़क पर बेतरतीब ढंग से लगा ब्रेकर।

# श्रद्धा महिला मण्डल ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल जरुरतमंदों को ई-रिक्शा का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रद्धा महिला मंडल द्वारा नारी एवं दिव्यांग सशक्तीकरण के अभिनव प्रयासों में एक और अध्याय जोड़ते हुए 10 ट्राईसाइकिल एवं 11 ई-रिक्शा प्रदान किए गए। कोल इंडिया से पहुंचे कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइव्स समिति (सिलोस) की अध्यक्षा श्रीमती विमला प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सिलोस की सदस्याएं श्रीमती रिंकी नंदा, श्रीमती अर्चना चौधरी, श्रीमती नंदिनी त्रिपाठी साथ ही श्रद्धा महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा तथा उनकी सहयोगी श्रीमती संगीता कापरी, श्रीमती राजी श्रीनिवासन, श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास और कमिटी की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में 10 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई जिसमें मुख्यालय बिलासपुर से 6 हितग्राही एवं संचालन क्षेत्रों के 4 हितग्राही शामिल रहे इनमें 4 महिलाएं शामिल रहीं। वहीं 11 जरूरतमंदों को ई-रिक्शा प्रदान किए गए जिसमें मुख्यालय से 8 एवं संचालन क्षेत्रों से 3 हितग्राही शामिल रहे जिनमें 10 महिला हितग्राहियों को रिक्शा प्रदान किया गया। इसके अलावा एसईसीएल मुख्यालय एवं दोनों कॉलोनियों में कार्यरत 80 से अधिक महिला सफाईकर्मियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा महिला मण्डल मुख्यालय बिलासपुर एवं एसईसीएल संचालन क्षेत्रों की समितियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी।



दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित करते महिला मंडल के पदाधिकारी।

### शपथ-पत्र

मैं वजीर सिंह सिहाग उम्र 62 वर्ष पिता श्री हवा सिंह सिहाग जाति जाट वर्तमान पता- बी. 9 गरूड नगर, दीपका तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) का निवासी हूँ तथा शपथ पूर्वक निम्न लिखित कथन करता हूँ -

1. यह कि पूर्व मे मेरा नाम वजीर सिंह (Wazir Singh) पिता हवा सिंह सिहाग (Hawa Singh Sihag) था।

2. यह कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण भारत सरकार के द्वारा जारी मेरे स्वयं के आधार कार्ड क्रमांक 4737 7788 6853 में मेरा नाम वजीर सिंह सिहाग (Wazir Singh Sihag) पिता हवा सिंह सिहाग (Hawa Singh Sihag) दर्ज है जो कि मेरा वास्तविक व सही नाम है। 3. यह कि वजीर सिंह (Wazir Singh) एवं वजीर सिंह सिहाग (Wazir Singh Sihag) उपरोक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का नाम है। 4. यह कि वर्तमान समय में मैं वजीर सिंह सिहाग (Wazir Singh Sihag) पिता हवा सिंह सिहाग (Hawa Singh Sihag) के नाम से जाना पहचाना जाता हूं अस्तु मुझे उपरोक्त नाम से जाना, पहचाना जावे तथा मुझसे संबंधित दस्तावेजो में उक्त नाम पढ़ा, समझा एवं दर्ज किया जावे।

5. यह कि जानकारी के समर्थन में मेरे द्वारा इस शपथपत्र का निष्पादन किया गया है जिसे संबंधित कार्यालय/ संस्था में प्रस्तुत किया जाना है।

**शपथकर्ता**
**वजीर सिंह सिहाग**

#### एजुकेशन

## एके गुरुकुल में बच्चों के करियर के लिए खोला गया निःशुल्क कैरियर गाइडेंस ऑफिस



**कोरबा।** जिस प्रकार से बच्चे आज अपनी उच्च शिक्षा को लेकर के उनके मन में कई प्रकार की संशय बनी हुई है, इस संस्था को दूर करने के लिए एक गुरुकुल महाविद्यालय हमेशा से ग्रामीण बच्चों के विकास के लिए और प्रोटोन कर के विकास से शिक्षण संस्थान के समस्त सदस्य मिलकर के एक विशेष अभियान चला रहे हैं। जिस अभियान के माध्यम से बच्चों को उनके करियर को लेकर के विशेष गाइडेंस दी जा रही है एवं ग्रामीण अंचल के बच्चे जिन्हें कई प्रकार से अनेक व्यावसायिक शिक्षण संस्थाएं उन्हें गुमराह करके उन्हें रास्ते से भड़का भड़काने का कार्य करते हैं, जबकि हमारी संस्था कई सालों से ग्रामीण क्षेत्र में ही शिक्षा का प्रचार प्रसार करते हुए ग्रामीण बच्चों को एक सही दिशा निर्देश देते हुए उनके करियर उच्च शिक्षा की गाइडेंस साथ ही दसवीं के बाद उन्हें किस प्रकार का विषय चयन करना चाहिए इसकी भी गाइडेंस देते हुए उन्हें हमेशा आगे बढ़ाने में मदद किया जा रहा है। एके गुरुकुल कॉलेज में बच्चे के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य अक्षय कुमार दुबे ने बताया कि विगत वर्ष में महाविद्यालय की परीक्षा परिणाम बहुत ही अच्छा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप इस बार बच्चे काफी उत्साहित हैं और अनेक जगह से बच्चों के द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश लिया जा रहा है और इस प्रवेश की वजह से आने वाले कुछ दिनों बाद महाविद्यालय में सीटों की संख्या कम पड़ रही है, क्योंकि महाविद्यालय में बच्चों के सुनहरे अवसर और उन्हें टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एवं उनके जॉब को लेकर के विशेष पढ़ाई, विशेष एक्टिविटीज एवं विशेष मोटिवेशनल प्रोग्राम समय पर कराए जाते है जिसकी वजह से आज हमारे महाविद्यालय में बच्चों की प्रवेश के लिए होड़ लगी हुई है।

#### पृष्ठ 1 का शेष

### श्रमिक संगठनों...

रेगुलाइज करवाना जैसे अन्य मुद्दों पर संगठन हमेशा सहयोग के लिए आगे रहा ताकि किसी भी कर्मचारियो को कोई समस्या न हो जिस कारण आज बीएमएस कर्मचारियों की पहली पसंदीता संगठन बन गई है। बीएमएस 145, एमएमएस 129, इंटक 121, औटक 60, नोटा 6 ने अपना सत्यापन कराया।

## कोरबा मार्केट






# बारिश का असर, कोयला उठाव में आई गिरावट, ट्रांसपोर्टर चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकार की प्राथमिकता बिजली संयंत्रों में कोयले की आपर्ति बनाए रखना है। इसके लिए कोयला कंपनी अन्य उद्योगों को दिए जाने वाले कोयले में कमी कर रही है। हालांकि इस मसले पर कंपनी के अधिकारी अधिकृत तौर पर कुछ बोलने से बच रहे हैं, लेकिन कोयले के उठाव में आ रही कमी से कोल ट्रांसपोर्टर चिंतित हैं। उनका कहना है कि पूर्व में कुसमुंडा खदान से कोयला ले जाने के लिए रोजाना 800 से एक हजार गाड़ियां लाइन में लगती थी। लेकिन वर्तमान में स्टॉक में कोयला उपलब्ध नहीं है। इससे कुसमुंडा स्टॉक में रोड सेल की गाड़ियों को कोयला बहुत कम मिल रहा है। रोजाना 200 से 250 गाड़ियों को ही खदान के भीतर एंट्री मिल रही है।


अलग खबर

ई-ऑक्शन के जरिए संयंत्रों को दी जाने वाले कोयले में कमी आई है। बहुत दिनों से कोयला कंपनी कोयले के उठाव को लेकर ई-ऑक्शन नहीं कर रही है।

## 8 सौ की जगह ढाई सौ वाहनों को मिल रही एंट्री

**खास बात**

- पर्याप्त स्टॉक में कमी से रोड सेल की गाड़ियों को मिल रहा कम कोयला



पूर्व में जिन उपभोक्ताओं को कोयला उठाव के लिए पत्र जारी किया गया है। कोयला उन्हीं को दिया जा रहा है। एसईसीएल की मानिकपुर खदान से भी रोडसेल की गाड़ियों को पर्याप्त कोयला नहीं मिल रहा है। गेवरा से भी सड़क मार्ग के रास्ते होने वाले कोयला परिवहन में कमी आई है। इससे लोन पर ट्रेलर खरीदने वाले मालिक परेशान हैं। दूसरी ओर वर्षा ऋतु में कोयले का उत्पादन गिर गया है। बारिश का असर खदानों के उत्पादन पर देखा जा रहा है। कंपनी की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा और दीपका में इस महीने निगेटिव ग्रोथ दर्ज किया गया है। यह कंपनी के लिए चिंता का कारण है। कुसमुंडा प्रोजेक्टस भी कोयला खनन लक्ष्य के अनुसार नहीं हो रहा है। जुलाई से मानसून सक्रिय हुआ है। अभी 13 दिन ही बीते है कि इसका असर उत्पादन पर दिखने लगा है। चालू वित्तीय वर्ष में अभी तक मेगा प्रोजेक्ट गेवरा को 15.2 मिलीयन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था।गेवरा का स्थानीय प्रबंधन इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया है। 14.6 मिलियन टन अभी तक खनन हुआ है, जो लक्ष्य से 3.83 फीसदी कम है। इस निगेटिव ग्रोथ के कारण कंपनी की चिंता बढ़ गई है। गेवरा के साथ-साथ कुसमुंडा में भी बड़ी गिरावट आई है। कुसमुंडा से कोयला खनन के लिए कंपनी को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। इसका बड़ा कारण बारिश के साथ-साथ जमीन को लेकर भू-विस्थापितों के साथ चल रहा विवाद है।

### लंबी दूरी की गाड़ियों में गर्मी के दिनों में सफर करना हुआ था कठिन

# एक्सप्रेस गाड़ियों में जनरल बोगियों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यात्री ट्रेनों में सामान्य बोगियों की संख्या कम होने से भीड़भाड़ का सामना कर रहे यात्रियों को रेलवे ने राहत देते हुए सामान्य बोगियों की संख्या एक्सप्रेस गाड़ियों में बढ़ा दी है। पूर्व में कम संख्या होने के कारण यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ता था। गर्मी के मौसम में छुट्टियों के कारण सामान्य बोगियों में यात्रा करना मुश्किल हुआ करता था। रेल संघर्ष समिति एवं अन्य संगठन द्वारा समस्या उठाए जाने के बाद मुद्दे को गंभीरता से लेकर सामान्य बोगियों की संख्या एक्सप्रेस एवं फास्ट पैसेंजर यात्री गाड़ियों में बढ़ाई गई।

**खास बात**

- लंबे समय बाद रेलवे ने दी यात्रियों को सुविधा



फाइल फोटो

रेलवे ने कोचों की संख्या में वृद्धि के लिए 22 दूसरी गाड़ियों को भी चिन्हित किया है और उनमें सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाने की योजना बनाई गई है। इससे सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। ट्रेनों में सबसे ज्यादा परेशानी जनरल कोच के यात्रियों को होती है। दरअसल एक ट्रेन में एक या दो जनरल कोच ही लगते है। जबकि यात्रियों की संख्या तीन से चार कोच के बराबर रहती है। कोच की कमी के कारण यात्रियों को अव्यवस्था के बीच सफर करना पड़ता था। लेकिन, अब ऐसी स्थिति नहीं होगी। अधिकांश ट्रेनों में चार जनरल कोच लगाए जा रहे है। इसके लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन भी काफी प्रयास कर रहा है। जोन के साथ- साथ पूरे भारतीय रेलवे में इस दिशा पर कार्य चल रहा है। एक ट्रेन में चार जनरल कोच मतलब 400 यात्रियों को बैठने के लिए सीटें मिलेंगी। 15634, 15633 गुवाहाटी बीकानेर एक्सप्रेस, 15631/ 15632 गुवाहाटी बाड़मेर एक्सप्रेस, 15630/ 15629 सिलघाट-टाउन ताम्बरम नागौन एक्सप्रेस, 15647/ 15648 गुवाहाटी, लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, 15651/ 15652 गुवाहाटी – जम्मूतवी एक्सप्रेस एक्सप्रेस, 15653/ 15654 गुवाहाटी जम्मूतवी एक्सप्रेस, 15636/ 15635 गुवाहाटी – ओखा एक्सप्रेस, 12510/ 12509 गुवाहाटी बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 15909/ 15910 डिब्रूगढ़ लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस, 20415/ 20416 वाराणसी इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 20413/ 20414 काशी महाकाल वाराणसी इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12703/ 12704 हावड़ा सिकंदराबाद एक्सप्रेस, 12139/12140 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल नागपुर सेवाग्राम एक्सप्रेस शामिल है। इनके अलावा अमृतसर एक्सप्रेस, यशवंतपुर एक्सप्रेस भी शामिल है।

# दर्री बराज का खोला गया एक गेट 2800 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर में बारिश नहीं होने से दर्री हसदेव बैराज के एक गेट से 2800 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। मौजूदा सीजन में किसानों को उनकी सुविधा के लिए जल संसाधन विभाग ने हसदेव बैराज से नहर में 2800 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया है। बैराज के एक गेट को तीन फीट खोल कर यह सुविधा दी गई है।

दरअसल काफी दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में समस्या हो रही थी और किसानों ने इस पर चिंता जताई। किसानों की मानें तो कुछ दिन पहले हुई लगातार बारिश के बाद खेती किसानी तो शुरू हो गई। वहीं खेतों में धन भी बोए गए लेकिन सही समय पर पानी नहीं मिलने से फसल नुकसान हो सकता है। ठीक से अंकुर भी नहीं आए हैं इसलिए अभी वर्तमान में पानी की जरूरत है। वहीं रविवार की सुबह से ही बदली छाई रही। तापमान 2 डिग्री बढ़कर 33 पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान के 26 डिग्री पर पहुंचने से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बदली तो छा रही है लेकिन बारिश नहीं हो रही है। इसी वजह से तापमान में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दोपहर होते ही धूप के साथ हल्की बूंदाबांदी होने लगती है जिससे लोगों को भारी उमस का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कहीं हल्की और कहीं तेज बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में 9.6 मिलीमीटर औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है। जिले में औसत से 19 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। अब तक 368.8 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। जिले का औसतन बारिश 309.5 मिलीमीटर दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा जीएसटी पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोरबा।** जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए चेम्बर भवन डीडीएम रोड में जीएसटी की कार्यशाला आयोजित की गयी। जीएसटी अधिकारी दीपक गिरी संयुक्त आयुक्त स्टेट जीएसटी बिलासपुर संभाग, आलोक कुमार सिंह प्रभारी उपायुक्त वृत-2, मनहरन लाल निर्मलकर सहायक आयुक्त, श्रुति सोनी सहायक आयुक्त एवं कीर्तिका राज अति. सहायक आयुक्त बैठक में उपस्थित रहे। जिला चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने कहा कि कोरबा में स्टेट जीएसटी के अधिकारियों का रवैया काफी सहयोगात्मक रहता है। श्री जैन ने कहा कि अपील करने के लिए बिलासपुर जाना पड़ता है, उसको कोरबा में ही अपील कर सके ऐसी सुविधा दिया जाना चाहिए। डिप्टी कमिश्नर के अवकाश अवधि के दौरान केस को बिलासपुर जाकर कराना पड़ता है, उसे कैंप लगाकर कोरबा में ही किया जाये। दीपक गिरी ने व्यापारियों से कहा कि कोरबा से हमारे अधिकारियों के बारे में कोई शिकायत नहीं आती है। सभी व्यापारी समय पर अपना जीएसटी का भुगतान करें। कार्यशाला में जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक रामसिंह अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमी रामानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरपी तिवारी, राजेन्द्र अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, दिनेश भाई पटेल, संजय अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, पलाश रेलवानी, प्रकाश जैन सहित अन्य मौजूद थे।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने मितानिनों का किया सम्मान



**कोरबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान द्वारा दीपका क्षेत्र के मितानिन दीदीओं के साथ मुख्यमंत्री का वर्चुअल कार्यक्रम देखा गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीएचसी दीपका के मितानिन दीदीओं में संस्थागत प्रसव प्रतिशत के लिए रेखा निर्मलकर, बलगम जांच शत प्रतिशत हेतु रामेश्वरी कंवर, रुक्मणी यादव, बिमला कंवर, संगीता कंवर एवं समस्त मितानिन दीदीयों को उत्कृष्ट कार्य हेतु स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष श्रीमती दीवान ने कहा कि राज्य भर में काम कर रही लगभग 72 हजार मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान है जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने में छत्तीसगढ़ कामयाब हुआ है। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनों को पहले कई चरणों में अटक-अटक कर राशि मिलती थी लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और हर महीने हमारे मुख्यमंत्री जी द्वारा साय साय मितानिन के खाते में पैसे आएंगे इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री जी द्वारा खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार20 रुपए ट्रांसफर करके शुरुआत कर दिया गया है।

### बारिश थमते ही बरसने लगी बीमारियां, चपेट में आ रहे लोग

**कोरबा।** बारिश के थमते ही मौसमी बीमारी ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। लोग उल्टी-दस्त के अलावा बुखार की चपेट में आ रहे हैं। जिससे निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार लग रही है। यदि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बात करें तो ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों का ग्राफ अचानक बढ़ गया है। आलम यह है कि प्रबंधन को मरीजों के लिए अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करनी पड़ रही है। जिले में आषाढ़ मास के शुरू होते ही मानसून ने दस्तक दी थी। शुरूआती दिनों में ही हुई झमाझम बारिश के कारण खेती किसानी के काम में तेजी आई। इस बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से भी राहत दी, लेकिन बारिश के थमते ही लोगों को उमस ने हलाकान कर रहा है। लोग भारी उमस से बचने कूलर, पंखे और एसी जैसे संसाधनों का सहारा ले रहे हैं। । सामान्य दिनो में बाह्य रोगी कक्ष में 6 सौ से अधिक मरीजो का उपचार के लिए पंजीयन किया जाता है। यह आंकड़ा बढ़कर सात सौ के करीब पहुंच चुका है। इसमें विभिन्न बीमारियों से पीड़ति मरीज शामिल हैं। आलम यह है कि अस्पताल प्रबंधन ने मरीजो को परेशानी से बचाने अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की है। संभावना जताई जा रही है कि यदि कुछ दिन और यही हाल रहा तो लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

### तस्कर से 8 किलो गांजा बरामद बाइक जब्त

**सारंगढ़।** आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता और कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में गत दिवस हरिशंकर साहू पिता रामकृपाल और वाकेश्वर वर्मा पिता शोभित, दोनो निवासी ग्राम मल्दी थाना बिलाईगढ़ को मादक पदार्थ गांजा के अवैध तस्करी करते पकड़ा गया। गांजा के तस्करी के दौरान उपयोग में लाए बाइक को जब्त किया गया। मुखबिर से मिली सूचना की आबकारी विभाग वृत्त बिलाईगढ़ को सूचना जांच में पुष्टि होने के पश्चात मुखबिर सूचना पंचनामा तैयार किया गया तथा जिला आबकारी अधिकारी को फोन पर इस संबंध में सूचित करते हुए गवाहों को नोटिस देकर आबकारी टीम के साथ बताए गए स्थान पर तत्काल उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने ली एसईसीएल की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्राल भारत सरकार अंतर्गत राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा की उपस्थिति में एसईसीएल की समीक्षा बैठक ली। बैठक में निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एवं वित्त फ्रैंकलिन जयकुमार एवं निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, मुख्यालय से विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं सिस्टा, काउंसिल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के आरंभ में सभी उपस्थितों को स्वच्छता




आयोग के अध्यक्ष को स्मृतिचिन्ह भेंट करते सीएमडी श्री मिश्रा।

शपथ दिलाई गयी एवं अध्यक्ष को एसईसीएल के कार्यसंचालन के बारे में जानकारी दी गयी। तत्पश्चात एसईसीएल में कार्यरत स्थायी एवं संविदा सफाई कर्मचारियों, उनके वेतनमान, उन्हें दी जा रहीं चिकित्सा एवं पीएफ़ सुविधाओं एवं उनसे जुड़े अन्य कल्याणकारी प्रयासों के बारे में बताया गया। अध्यक्ष ने एसईसीएल द्वारा सफाई कर्मचारियों के कल्याण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा कुछ बिन्दुओं पर अपने सुझाव भी दिए।

# सर्पदंश से मासूम बच्ची की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवापारा गांव में रहने वाली एक मासूम बच्ची को सांप ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम इशिता यादव था। बताया जा रहा है कि 6 वर्षीय इशिता यादव अपने घर पर सो रही थी तभी उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया।

**खास बात**

- हरदीबाजार थाना क्षेत्र के भिलाईबाजार का मामला

आनन-फानन में परिजन उसे लेकर पहले भिलाईबाजार के अस्पताल पहुंचे जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में बच्ची का उपचार शुरु किया। बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर ली है। पीएम के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया गया है।

# वन विभाग का कमाल, दो साल से बिना बिजली चला रहे बोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में पदस्थ रहे पूर्व अधिकारियों के संरक्षण में कुछ मैदानी अधिकारी व कर्मचारियों ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है जो न सिर्फ चौंकाने वाला है बल्कि कैम्पा मद में हुए भ्रष्टाचार की कहानी को भी बयान करता है। 2 वर्ष पूर्व वन विभाग द्वारा 21 बोर खनन कर मोटर भी लगाया गया। टेस्टिंग के लिए जनरेटर भी मंगाया गया था पर बिना बिजली के बोर से पौधों को कैसे सिंचित किया गया यह सवालों के घेरे में है।

**खास बात**

- जिले में सिंचित रोपणी के लिए 4 दिन में 21 बोर खनन कराया लेकिन पौधों को नसीब नहीं हुआ पानी



विभाग द्वारा कराया गया बोर।



वह जगह जहां होनी थी सिंचाई।

कटघोरा वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में सिंचित रोपणी के नाम पर भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। 265 हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधारोपण तो कागजों में हुआ है लेकिन विभागीय जांच में ही पता चला कि 135 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि तो यहां है ही नहीं तो फिर इसके पौधे कहां गए? यह सवाल अभी चर्चा में बना हुआ है कि दूसरी तरफ बोर खनन के नाम पर बड़ा गड़बड़झाला भी सामने आया है। दरअसल वर्ष 2021 में दो पार्ट 150 व 115 हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपे गए पौधों की सिंचाई के लिए पार्ट-1 में 12 व पार्ट-2 में 9 नग बोर का खनन वन विभाग द्वारा कराया गया। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि चार दिन के भीतर 21 नग बोर का खनन पूर्ण कर दिया गया। यह बहुत बड़ा कमाल है जो कम समय में वन विभाग के अधिकारियों ने 21 बोर खनन करा दिए। अब बोर तो खुदवा दिया गया, मोटर भी लगवा दिए गए लेकिन सवाल था इसे कैसे चलाया जाए। बताया गया कि इस इलाके में 11 केवी का करंट तो दौड़ता है लेकिन सिंचित रोपणी एरिया के आसपास ना तो कोई ट्रांसफार्मर है और ना ही कोई विद्युत कनेक्शन है। वर्ष 2022 में खनन कराए गए 21 नग बोर को चलाने की चुनौती थी। इससे पहले उनकी टेस्टिंग भी जरूरी थी लिहाजा तत्कालीन स्टाफ ने पसान से किराए पर जनरेटर मंगवाया। 3 से 4 दिन तक जनरेटर के जरिए सभी बोर की टेस्टिंग करीब 15-15 मिनट तक बोर चला कर की जाती रही। इसके बाद जनरेटर भी खराब हो गया तो उसे वापस लौटा दिया गया। तब से लेकर आज तक बोर चले नहीं, मोटर में करंट दौड़ा नहीं और इस अवधि में 8-9 नग मोटर भी चोरी चले गए। सूत्रों की मानें तो जब बोर चला ही नहीं तो रोपणी के पौधों को पानी कहां से मिलेगा और धीरे-धीरे पौधे मरते चले गए। बताया गया कि अभी 27-28 हजार पौधों का रोपण अगस्त-सितंबर 2023 में किया गया लेकिन इन पौधों को भी पानी नसीब नहीं हुआ है। वर्ष 2022 में कराए गए 21 नग में से 8 बोर के मोटर चोरी भी हो गए। 13 नग मोटर सुरक्षित बचा लिए गए हैं।

### सब कुछ था सही

सूत्रों की मानें तो सारे पौधे जीवित थे और खुदवाए गए 19 बोर सभी के सभी चालू हालत में थे और इससे पौधों की सिंचाई भी हो रही थी। इनका कहना है कि पौधों की रोपणी के लिए जमीन भी मिसिंग नहीं है, जिओ टैगिंग के जरिए सत्यापन बाद सारा काम सेक्शन हुआ और कोई भी बोर उस समय तक बंद नहीं था लेकिन यह भी आश्चर्यजनक है कि बिना बिजली कनेक्शन के यह सब कैसे संभव होता रहा।

### कमजोर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु कार्ययोजना बनाने दिए निर्देश

# अध्यापन में सुधार के साथ स्कूलों में शैक्षणिक माहौल करें विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक की उपस्थिति में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जिले में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने कहा। बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने ने 15 अगस्त से विधानसभा क्षेत्र कोरबा के नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला तथा आकांक्षी



अधिकारियों को दिशा निर्देश देते कलेक्टर अजीत वसंत।

विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के समस्त प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं हेतु पायलट प्रोजेक्ट के तहत सुबह का नाश्ता प्रदान करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने जिले के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक विहीन एकल शिक्षकीय विद्यालय में अतिशेष शिक्षकों को समायोजित करने का निर्देश देते हुए शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध योग्यताधारी व्यक्तियों को अतिथि शिक्षक के रूप में अध्यापन कार्य कराए जाने हेतु मांग सूची उपलब्ध कराने के निर्देश विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने जिले में संचालित शासकीय संस्थाओं के भवन, किचन शेड, शौचालय इत्यादि की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु केंद्रीय परीक्षा पद्धति अपनाते हुए जिले के समस्त विद्यालय हेतु पाठ्यक्रम निर्धारित कर नियत समय पर त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा संचालित करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए बोर्ड परीक्षा के पूर्व शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु नवीन कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

*__कोरबा।__ आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन 15 जुलाई की दोपहर 12 बजे से होटल हेरिटेज इन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं हिमालया फार्मा जेनीथ डिवीजन बैंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में मधुमेह रोग पर विशेष संभाषा परिषद के रूप में आयोजित है। जिसमे हिमालया फार्मा के मैनेजर डॉ.विपिन कटारिया द्वारा मधुमेह रोग के कारण, उपचार पर चिकित्सकों के अनुभवों को साझा करने के साथ परिचर्चा की जाएगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780